महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़

Email- registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com
Website: www.msdsu.ac.in

पत्रांक: 606 / पी0ए0 / 2022 दिनांक: 11 / 10 / 2022

स्मरण–पत्र

सेवा में,

प्रबन्धक / प्राचार्य / प्राचार्या / निदेशक
समस्त राजकीय / अनुदानित / स्ववित्तपोषित महाविद्यालय / संस्थान
सम्बद्ध महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय,
आजमगढ़।

विषय: समस्त महाविद्यालयों द्वारा अपने–अपने महाविद्यालय के पठन–पाठन की दैनिक समय सारणी (Time Table) विश्वविद्यालय को 14 अक्टूबर 2022 तक उपलब्ध कराने के सम्बन्ध में।

महोदय,

उपरोक्त विषयक पत्रांक संख्या 564 / पी0ए0 / 2022 दिनांक 24 / 09 / 2022 का सन्दर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। जिसके द्वारा समस्त महाविद्यालयों से पठन–पाठन की दैनिक समय सारणी (Time Table) विश्वविद्यालय को 01 अक्टूबर 2022 तक उपलब्ध कराने की अपेक्षा की गई थी किन्तु आज दिनांक 11.10.2022 तक भी महाविद्यालयों द्वारा उक्त समय सारणी (Time Table) विश्वविद्यालय को उपलब्ध नहीं कराई गई है। आप अवगत हैं कि उत्तर प्रदेश सरकार के निर्देशों के क्रम में स्नातक स्तर पर सत्र 2021–22 से राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू की जा चुकी है, और उसी के अनुसार परीक्षाएं भी सम्पन्न हो चुकी हैं। महाराजा सुहेल देव राज्य विश्वविद्यालय, आजमगढ़ में सत्र 2022–23 से स्नातकोत्तर तथा प्री पीएचडी पाठ्यक्रम स्तर पर भी राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 लागू कर दी गई है।

अतः मा0 कुलपति जी के आदेशानुसार आप सभी से पुनः अनुरोध है कि 14 अक्टूबर 2022 तक समस्त महाविद्यालय उपरोक्त पाठ्यक्रमों के अनुरूप निर्मित अपने–अपने महाविद्यालय के पठन–पाठन की दैनिक समय सारणी (Time Table) विश्वविद्यालय की वेबसाइट www.msdsu.ac.in पर अपने कॉलेज लॉगइन पर अनिवार्य रूप से अपलोड कर दें, और सूचना समय सारणी की प्रतिलिपि के साथ ई–मेल / पत्र के माध्यम से अधोहस्ताक्षरी की ई–मेल registrar.msduniversity.azamgarh@gmail.com पर प्रेषित करे दें।

भवदीय,

(वी0पी0 कौशल)
कुलसचिव

प्रतिलिपि –

1. निजी सचिव कुलपति को, मा0 कुलपति जी के सूचनार्थ।
2. प्रभारी वेबसाइट को विश्वविद्यालय वेबसाइट पर अपलोड करने हेतु।
3. प्रेस प्रवक्ता हेतु सूचनार्थ।

कुलसचिव

Scanned with OKEN Scanner